Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 06 सितंबर, 2023

पर्यटन मंत्रालय और UNWTO द्वारा G20 पर्यटन और SDG डैशबोर्ड का अनावरण

- भारत सरकार के **पर्यटन मंत्रालय** ने **संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन** (United Nations World Tourism Organization- UNWTO) के सहयोग से [G20](#) **पर्यटन** और [SDG](#) **डैशबोर्ड** का अनावरण किया।
    - यह **G20 देशों की सर्वोत्तम कार्य प्रणालियों, विषयवार अध्ययनों और अंतर्दृष्टि** को प्रदर्शित करता है।
- UNWTO **स्पेन के मैड्रिड में स्थित एक बहुराष्ट्रीय संगठन है और इसमें 159 सदस्य देश शामिल** हैं।
- यह संगठन पर्यटन को **आर्थिक विकास, समावेशी विकास और पर्यावरणीय स्थिरता** के चालक के रूप में प्रोत्साहित करता है तथा विश्व भर में ज्ञान और पर्यटन नीतियों को आगे बढ़ाने में इस क्षेत्र को नेतृत्व और समर्थन प्रदान करता है।

समलैंगिक साझेदारी को मान्यता देने के लिये हॉन्गकॉन्ग के शीर्ष न्यायालय के नियम

- हॉन्गकॉन्ग के शीर्ष न्यायालय ने समलैंगिक साझेदारियों को मान्यता देने के पक्ष में फैसला सुनाया है, लेकिन शहर के [LGBTQ समुदाय](#) **को पूर्ण विवाह अधिकार देने से रोक दिया है।**
- न्यायालय ने सरकार को समलैंगिक साझेदारियों की कानूनी मान्यता के लिये एक कानूनी ढाँचा तैयार करने के लिये दो वर्ष का समय दिया।
- 133 देशों में समलैंगिकता को अपराध की श्रेणी से बाहर कर दिया गया है, लेकिन उनमें से **केवल 32 देशों में ही समलैंगिक विवाह वैध है।**

और पढ़ें: [भारत में LGBTQIA+ अधिकार और स्वीकार्यता](#)

मालवीय मिशन: उच्च शिक्षा हेतु शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम

केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने शिक्षा मंत्रालय के सहयोग से [विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC)](#) द्वारा शुरू किये गए शि**क्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम- मालवीय मिशन** का अनावरण किया।

- कार्यक्रम का उद्देश्य उच्च शिक्षण संस्थानों में शिक्षकों के लिये अनुकूलित प्रशिक्षण प्रदान करके [शिक्षा](#) **की गुणवत्ता को बढ़ाना है।**
    - इसका उद्देश्य **पूरे भारत में 15 लाख शिक्षकों** को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) के लक्ष्यों को पूरा करने के लिये आवश्यक कौशल से युक्त करना है।
- **मानव संसाधन विकास केंद्रों (HRDC)** का नाम बदलकर [मदन मोहन मालवीय](#) **शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र** करने की भी घोषणा की गई।

और पढ़ें...[पं. मदन मोहन मालवीय](#)

व्यक्तिगत अनुकूली शिक्षण का DIKSHA प्लेटफार्म में एकीकरण

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) की एक शाखा, [नेशनल ई-गवर्नेंस डिवीजन (NeGD)](#), **पर्सनलाइज्ड एडेप्टिव लर्निंग (PAL)** को [डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर फॉर नॉलेज शेयरिंग (DIKSHA) प्लेटफॉर्म](#) **में एकीकृत करने** के मिशन पर कार्य कर रही है।

- **शिक्षा मंत्रालय** की देखरेख में DIKSHA, **स्कूलों के लिये शैक्षिक सामग्री के एक ऑनलाइन भंडार** के रूप में कार्य करती है, लेकिन यह वर्तमान में स्थैतिक है।
    - दूसरी ओर, PAL छात्रों को उनकी व्यक्तिगत आवश्यकताओं और क्षमताओं के अनुरूप **व्यक्तिगत अभिगम के अनुभव प्रदान करने के लिये AI का उपयोग** करता है।

और पढ़ें: [DIKSHA](#)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-06-september,-2023